# ग्राम पंचायत बिजेरी को तीन करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी

**बीकानेर, (कासं)।** ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने बज्जू पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बिजेरी को बुधवार को अनेक विकास कार्यों की सौगातें दीं। इस दौरान उन्होंने करीब 3 करोड़ रूपये के विकास कार्य जनता को समर्पित किए।

उन्होंने यहां मंहगाई राहत शिविर का अवलोकन किया और मंहगाई से राहत लेने के लिए शत-प्रतिशत पंजीकरण करवाने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने शिविर में पहुंचे लाभार्थियों से योजनाओं का फीडबैक लिया और मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किये। इससे पहले ऊर्जा मंत्री ने नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन, बिजेरी, राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र के नवनिर्मित भवन तथा राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र में विधायक निधि कोष से निर्मित प्रसूति गृह भवन का लोकार्पण तथा नवीन पेयजल योजना का शुभारंभ किया।



ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने बज्जू पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बिजेरी में विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने बिजेरी के ग्रामीणों को विकास कार्यों की बधाई दी और कहा कि आमजन की मांग पर इसे ग्राम पंचायत बनाया गया है। इसके उद्घाटन के पश्चात ग्रामीण यहां बैठकर गांव के विकास की चर्चा और आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि अब बिजेरी का अपना पटवार मंडल होगा। यहां पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक बैठेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत के अन्य अधिकारी भी यहां बैठकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव के ग्राम पंचायत बनने से उसके विकास के रास्ते स्वत: ही खुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस गांव के स्कूल को 12वीं तक कर दिया गया है।

उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन बना है व पेयजल स्कीम भी प्रारंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि बिजेरी में जीएसएस स्वीकृत करवाने के पूरे प्रयास होंगे। बज्जू में विद्युत सुधार के लिए 50 मेगा वाट का एक ट्रांसफार्मर आ चुका है, जिसे आगामी 15 दिनों में स्थापित कर दिया जायेगा।

ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि महंगाई से जनता को राहत देने के लिए आयोजित किए जा रहे इन महंगाई राहत शिविरों के माध्यम से आमजन को 10 योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर पात्र लोगों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। बिजेरी में आयोजित महंगाई राहत शिविर का निरीक्षण करते हुए भाटी ने कहा कि कल्याणकारी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसी दिशा में अनुसरण करते हुए राज्य सरकार ने आमजन के हित के लिए 100 यूनिट घरेलू बिजली, किसानों को दो हजार यूनिट निशुल्क बिजली, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 25 लाख रूपए तक का मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, प्रतिमाह राशन किट, मनरेगा की तर्ज पर शहरों में भी इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना के तहत 125 दिन का रोजगार और 10 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों को राहत देने के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की है। कामधेनु योजना लागू कर किसानों और पशुपालकों को मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

शिविर का निरीक्षण करते हुए ऊर्जा मंत्री ने पंजीकरण काउंटर से प्रक्रिया की जानकारी ली और विभिन्न योजनाओं के पात्रों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए। उन्होंने लाभाथिर्यों से बातचीत कर उनके अनुभव जाने। ऊर्जा मंत्री भाटी ने बिजेरी को 35 लाख रूपये की लागत से बने ग्राम पंचायत के नये भवन, 41 लाख रूपये की लागत से नव निर्मित

- **नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन, बिजेरी, राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र के नवनिर्मित भवन तथा प्रसूति गृह भवन का लोकार्पण तथा नवीन पेयजल योजना का शुभारंभ किया**

उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन तथा 10 लाख लागत से विधायक निधि कोष से निर्मित प्रसूति गृह का तथा 2 करोड़ रूपये बनी बिजेरी डण्ड खुर्द जल संवर्धन योजना को आमजन को समर्पित किया।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस योजना से ग्राम पंचायत बिजेरी की पेयजल समस्या का समाधान होगा। बिजेरी दंड खुर्द के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा। उन्होंने बताया कि 209.50 लाख रुपये की लागत से यह जल संवर्धन योजना तैयार हुई है।

इस योजना के तहत हर घर को जल कनेक्शन से जोड़ा गया है। इस स्कीम के तहत 50 लाख लीटर क्षमता की डिग्गी का निर्माण, 1 लाख लीटर क्षमता का उच्च जलाशय का निर्माण, एक पंप हाउस, 30 केएलएच क्षमता का फिल्टर प्लांट बना है और दंड खुर्द को गुलामवाला से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि 400 घरों को जल कनेक्शन से जोड़ा गया है।

## विधायक निधि के कार्यों की प्रगति जानी

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने बुधवार को विद्युत निगम के विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विधायक निधि से अभिसंशित कार्यों की स्वीकृति की प्रगति जानी और कहा कि किसी भी कार्य की स्वीकृति बेवजह लंबित नहीं रहे।

नगर निगम अथवा नगर विकास न्यास द्वारा संबंधित कार्यों से जुड़ी आवश्यक रिपोर्ट्स समय पर उपलब्ध करवाई जाएं। वहीं टेंडर प्रक्रिया, कार्यादेश और कार्य प्रारंभ करें की प्रक्रिया भी प्राथमिकता से की जाए, जिससे स्थानीय लोगों को इन कार्यों का लाभ मिल सके। उन्होंने नगर विकास न्यास, नगर निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा करवाई जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की और इनमें गति लाने के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक विधायक निधि से 581.50 लाख रुपए के 59 कार्यों की अभिशंषा की गई है। इनमें से 24 की प्रशासनिक तथा 14 की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। शेष स्वीकृति जारी करने का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल, अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) ओम, नगर निगम आयुक्त केसर लाल मीणा, नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद अबरार पंवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### गैर शैक्षिक कार्यों का बहिष्कार



शिक्षक संघ ने बीएलओ कार्य सहित गैर शैक्षिक कार्यों के बहिष्कार का एडीएम सिटी हरिसिंह मीणा को नोटिस सौंपा।

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रांतव्यापी आव्हान के तहत बीकानेर नगर उप शाखा द्वारा बीएलओ कार्य सहित गैर शैक्षिक कार्यों के बहिष्कार के क्रम में निर्वाचक पंजीयन अधिकारी बीकानेर पूर्व एवं उपखंड अधिकारी बीकानेर तथा निर्वाचक पंजीयन अधिकारी बीकानेर पश्चिम एवं एडीएम सिटी बीकानेर को संगठन के प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर बहिष्कार की सूचना दी गई। नगर उपशाखा अध्यक्ष मनीष ठाकुर ने कहा कि शिक्षक अब जबरन थोपे गए आदेशों को नहीं मानेगा। नगर मंत्री देवेंद्र जाखड़ ने कहा कि निशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 27 स्पष्ट करती है कि शिक्षक से कोई भी सतत चलने वाला गैर शैक्षिक काम नहीं करवाया जा सकता। संगठन के सैकड़ों शिक्षकों ने अपनी भागीदारी निभाई। ज्ञापन देने वालों में संयोजक संघर्ष समिति श्याम देवड़ा, अशोक जोशी, महेन्द्र स्वामी, लक्ष्मण मेघवाल, अशोक चोरडिया, नौशाद अली, गौतम जाजड़ा, योगेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, विपिन गौड़, संदीप राय, अशोक पड़िहार, सुंदर लाल बिश्नोई आदि शामिल थे।

### पौधारोपण और परिंडा अभियान



महानंद पर्यावरण विकास समिति की महिला विंग ने पक्षियों के परिंडे लगाने के अभियान की शुरूआत की।

**बीकानेर, (कासं)।** महानंद पर्यावरण विकास समिति की महिला विंग ने बुधवार को महानंद उद्यान में पौधारोपण किया और पक्षियों के लिए परिंडे बांधने के अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम प्रभारी चंद्रकला आचार्य ने बताया कि महिलाओं द्वारा नियमित रूप से इन पौधों की देखभाल और परिंडों में पानी भरने का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर विजेता, माया, जयंती, विमला, सरस्वती, जया, सुनीता और ज्योति सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही। उल्लेखनीय है कि गत 4 दिनों से महानंद उद्यान में पौधारोपण का सदन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पर्यावरण विकास समिति सहित आचार्य श्री महानंद ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रस्टी सुरेश कुमार आचार्य, रामकुमार आचार्य, सुखदेव आचार्य, कैलाश आचार्य सहित पर्यावरण विकास समिति के शिवकुमार आचार्य, कमल आचार्य, नमामी शंकर आचार्य, गणेश आचार्य आदि मौजूद थे।

### संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक



संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक को एडीएम सिटी हरिसिंह मीणा ने संबोधित किया।

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) हरि सिंह मीणा ने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाएं। महंगाई राहत शिविर समाप्त होने से पहले इन शिविरों से संबंधित प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण किया जाए। उन्होंने निस्तारित प्रकरणों का गुणवत्ता स्तर बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि जिले में संतुष्टि दर बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग के अधिकारी नियमित रूप से पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का रिव्यू करें। विभिन्न स्तरों पर लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर शिकायतकताओं को राहत पहुंचाने की बात कही। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) ने दूसरे जिलों के प्रकरणों को संबंधित जिले को जल्द ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। सीएमओ तथा गवर्नर हाउस के बकाया प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बैठक में संपर्क पोर्टल से संबंधित अधिकारी स्वयं मौजूद रहें, जिससे प्रगति की प्रभावी समीक्षा की जा सकें।

# ए.टी.एम. हैक कर बैंक को लाखों का चूना लगाया

**सूरतगढ़,(कासं)।** सिटी थाना पुलिस ने करीब 10 माह पहले रेलवे स्टेशन के बाहर एसबीआई के एटीएम को हैक कर बैंक को लाखों रूपये का चूना लगाने वाले गिरोह के एक युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जबकि मामले में वांछित मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

पकड़ा गया आरोपी पुलिस थाना किशनगढ़ बास का निवासी है, जिसे गिरफ्तार कर सूरतगढ़ लाया गया। सिटी थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने शाम को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एसबीआई बैंक के तत्कालीन बैंक मैनेजर ललित कुमार पुत्र हरिशंकर मौर्य ने इस संबंध में 8 अगस्त 2022 को अज्ञात जनों के खिलाफ दर्ज करवाई रिपोर्ट में बताया था कि रेलवे स्टेशन के निकट सुभाष चौक पर बैंक के एटीएम से दो युवक छेड़खानी कर उसे हैक करते हुए बैंक के साथ 3,05,000 रूपयों की ठगी कर ले गए। पुलिस आरोपी सोनू को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी।

- **एटीएम हैक करने के बाद बैंक में अधिकारियों को ट्रांजक्शन फैल होने का मैसेज दिखाकर रिफंड ले लेते थे**

एएसआई ताराचंद गोदारा के नेतृत्व में टीम का गठन कर इसमें हैड कांस्टेबल दुर्गादत्त, कांस्टेबल राम कुमार, हनुमाना राम और महेश कुमार को शामिल करते हुए अनुसंधान शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस ने सूचना तंत्र की सहायता से आरोपी सोनू पुत्र भीम सिंह मेघवाल निवासी गांव थानाघोड़ा, पुलिस थाना किशनगढ़ बास, जिला अलवर को उसके घर से पकड़ कर पूछताछ की तो उसने वारदात करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की। सीआई ने बताया कि मुख्य आरोपी आबिद खान निवासी मेड़ता अभी भी फरार है, जिसे पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

सीआई ने बताया कि आरोपी इतने शातिर है कि एटीएम मशीन से ट्रांजक्शन कर 10,000 की राशि निकालते। इस दौरान एटीएम से जैसे ही राशि बॉक्स में आती तो मशीन के साथ छेड़खानी कर उसे हैक कर देते थे। इससे एटीएम में ट्रांजक्शन फैल शो हो जाती थी। इसके बाद बैंक में जाकर अधिकारियों को ट्रांजक्शन फैल होने का मैसेज दिखाकर रिफंड ले लेते थे। बैंक अधिकारियों को ऑडिट के दौरान गड़बड़ी का पता चला तो आनन-फानन में मुकदमा दर्ज करवाया गया।

## मरीजों से लिया फीडबैक

**बीकानेर, (कासं)।** मंगलवार रात आई बारिश के चलते बुधवार सुबह 6 बजे प्राचार्य डॉक्टर गुंजन सोनी ने पीबीएम अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। प्राचार्य डॉक्टर सोनी पीबीएम की जनाना विंग में लेबर रूम के पास वेटिंग हॉल में जमा पानी से हुई मरीजों को परेशानी का हाल जानने पहुंचे।

इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर गुंजन सोनी लेबर रूम और आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस पर डॉक्टर सोनी ने संबंधित कर्मचारी को पानी इक्ट्ठा होने के कारण का पता लगाकर उन्हें तुरंत दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। इसी के साथ पीडब्लूडी के अधिकारियों को रोशन दान बंद करवाने के निर्देश दिए। जहां से पानी वेटिंग एरिया में इकट्ठा होता है। इस क्षेत्र में तुरंत सफाई व्यवस्था चाक चौबंद करवाई गई ताकि मरीजों के परिजनों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आये। प्राचार्य डॉक्टर सोनी ने बताया की पीबीएम अस्पताल में सफाई व्यवस्था नियमित रूप से की जा रही है।

# बीकानेर में दो दिन से बरसात जारी

**बीकानेर, (कासं)।** यहां मानसून ने एंट्री से पहले अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। दो दिन से लगातार जिले के अलग- अलग क्षेत्रों में बरसात का दौर जारी है लेकिन उमस से अभी भी छुटकारा नहीं मिला है।

प्री मानसून की बारिश ही 9 एमएम से ज्यादा हुई। मंगलवार रात अचानक बादलों ने बरसना शुरू किया तो सड़कें खाली हो गई। पानी से पूरा शहर तरबतर हो गया। बीकानेर में आने वाले कुछ दिन बरसात जारी रहने की उम्मीद की जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग में भी बारिश की गतिविधियों में आगामी दिनों में बढ़ोतरी होगी। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश जबकि एक-दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। बीकानेर में मंगलवार रात की बारिश भी प्री मानसून थी।

- **बारिश के बावजूद उमस से नहीं मिला छुटकारा**

मौसम विभाग ने बुधवार सुबह भी चेतावनी जारी करते हुए बीकानेर में बादलों के बरसने की उम्मीद जताई है। बीकानेर में छह से सात जुलाई तक बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। मंगलवार रात को जयपुर रोड पर जमकर बारिश हुई। यहां मसाला चौक और बीकाणा चौपाटी घूमने आए लोगों ने मौसम का लुत्फ उठाया।

वहीं बड़ी संख्या में लोग बारिश के मौसम का लुत्फ लेने घरों से निकले। रात करीब ग्यारह बजे तक रिमझिम बारिश का दौर चला। अब उम्मीद की जा रही है कि बुधवार को दोपहर से रात तक एक जैसा मौसम रहेगा। बादलों की आवाजाही अभी भी बनी हुई है जो कभी भी बरस सकते हैं।

# महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नोखा, (कासं)।** महिला को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। इस संबंध में पीड़िता की बहन ने मामला दर्ज कराया है।

रिपोर्ट में बताया कि 2 जून को आरोपी आरोपी नोखा निवासी राजूराम मेघवाल व चाडी निवासी मोतीराम जाट नोखा से भगाकर बहन को जोधपुर के गांव रिडमलसर ले गए और दुष्कर्म किया। रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर किया गया था।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि मामले में आरोपी मोतीराम जाट को पहले गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

- **फरार बदमाश को पुलिस ने दबोचा, एक आरोपी को पहले ही जेल भेजा जा चुका है**
- **महिला को भगा ले जाने और दुष्कर्म करने का मामला**

वहीं कार्रवाई करते हुए एक आरोपी हिम्मटसर नोखा निवासी राजूराम मेघवाल को भी दबोच लिया है। मामले की जांच नोखा सीओ मुकेश सोनी कर रहे थे।

## गोदाम से जीरे के बैग चोरी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** शहर की एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से जीरे के अस्सी से अधिक बैग गायब होने का मामला सामने आया है।

ट्रांसपोर्टर ने ये बैग कहीं भिजवाने के लिए गोदाम में रखवाए थे। ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी बुधवार को गोदाम गए तो वहां रखे बैग गायब मिले। इस पर जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हाउसिंग बोर्ड के रहने वाले प्रमोद पुत्र गजानंद ने बताया कि उसका ट्रांसपोर्ट का बिजनेस है। वह ट्रांसपोर्ट से जुड़ा सामान रखवाता है। बुधवार को उसे एक फर्म के जीरे के बैग ट्रांसपोर्ट के जरिए बाहर भिजवाने थे। इसके लिए इन बैग को कंपनी के गोदाम में रखवा दिया गया। बुधवार दोपहर कंपनी का कर्मचारी गोदाम देखने गया तो वहां से जीरे के बैग गायब मिले।

# ए.टी.एम. ठीक करने वाले युवक को हनी ट्रेप में फंसाया

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** सादुलशहर में युवक को घर बुलाकर मारपीट और हनीट्रेप में फंसाने का मामला सामने आया है।

युवक एटीएम ठीक करने का काम करता है। इसी दौरान जिले के पदमपुर में एटीएम ठीक करने के दौरान युवती के संपर्क में आया। यहां से दोनों में दोस्ती बढ़नी शुरू हो गई। दोनों ने एक-दूसरे को मोबाइल नंबर दे दिए और बातचीत होने लगी। दोनों के बीच नजदीकी इतनी बढ़ गई कि पीड़ित आरोपी महिला के बुलावे पर उसके घर पहुंच गया। सादुलशहर में उसके घर पहुंचने पर युवती ने उसे हनी ट्रेप में फंसाकर उसके अश्लील वीडियो बना लिए।

- **युवती ने घर बुलाकर पीटा, कमरे में बंद कर अश्लील वीडियो बनाया**

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी रिपोर्ट में श्रीगंगानगर के निवासी युवक ने बताया कि वह हनुमानगढ़ जिले के फेफाना का रहने वाला है और अभी श्रीगंगानगर रह रहा है। वह एटीएम ठीक करने का काम करता है। इसी दौरान उसकी मुलाकात पदमपुर में सादुलशहर निवासी युवती से हुई। बातचीत से शुरूआत हुई और बाद में दोनों ने एक दूसरे को मोबाइल नंबर दे दिए। दोनों के बीच फोन पर बात होती रहती । इसी दौरान युवती ने युवक को सादुलशहर में अपने घर बुलाया। युवक-युवती का परिचित होने के कारण उसके घर चला गया।

युवक का आरोप है कि जब वह सादुलशहर में युवती के घर पहुंचा तो युवती ने अपने दो साथियों को बुला लिया। इन लोगों ने उसे कमरे में बंद कर लिया और मारपीट कर उसके अश्लील वीडियो बना लिया। युवक का कहना है कि वह बड़ी मुश्किल से आरोपियों के चंगुल से छूटा।

सीआई रघुवीर सिंह बीका ने बताया कि इस संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के बाद आरोपी महिला की गिरफ्तारी की जायेगी।

# वैज्ञानिक तकनीक व कौशल विकास कर किसान अपनी आमदनी बढ़ाएं : प्रो. गर्ग

**बीकानेर,(कासं)।** वेटरनरी विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्रए नोहर की दसवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन केवीके परिसर में किया गया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र नोहर का क्षेत्र के कृषकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस केन्द्र द्वारा आगामी समय में तकनीकी प्रसार व अनुसंधान के द्वारा कृषि के क्षेत्र में लाभप्रद आयाम स्थापित करने के प्रयास किये जायेंगे। कुलपति प्रो. गर्ग ने कहा कि वैज्ञानिक तकनीक व कौशल विकास कर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।



कृषि विज्ञान केन्द्र नोहर में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक को कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने संबोधित किया।

ऐसी तकनीकों का कृषि विज्ञान केन्द्र प्रचार प्रसार करें, जिससे क्षेत्र के किसानों को लाभ मिल सकें। निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूडिया ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र नोहर कृषकों, पशुपालकों, महिला किसानों व ग्रामीण युवाओं के हित में निरंतर कार्यरत है।

केवीके नोहर को एक केवीके. एक उत्पाद पर कार्य करने के लिए निर्देश दिये। डॉ. पी. पी. रोहिल्ला प्रधान वैज्ञानिक अटारी जोधपुर ने बैठक में प्रभाव आंकलन अध्ययन आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण व आय सृजन गतिविधियों से संबंधित सुझाव साझा किए। इस अवसर पर डॉ सुरेश चंद कांटवा प्रभारी केवीके व अन्य विशेषज्ञों ने गत वर्ष की उपलब्धि व आगामी कार्यरेखा प्रस्तुत की। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में उपस्थित कई विभागों के अधिकारियों, किसानों व महिला किसानों ने अपने सुझाव साझा किये। बैठक में दयानन्द काकोडिया, डी डी एमए नाबार्ड डी अनूप कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष केवीके सांगरिया शिवराज सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी नोहर डॉ कुलदीप सिंह नेहरा मौजूद थे।

- **कृषि विज्ञान केन्द्र नोहर में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक**

# बी. डी. कल्ला ने शिविर का अवलोकन कर पट्टे बांटे

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने बुधवार को नगर निगम द्वारा आयोजित प्रशासन शहरों के संग और महंगाई राहत कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने 24 पट्टा धारकों को पट्टे वितरित किए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आमजन की राजस्व सहित अन्य विभागों की लम्बे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन शहरों के संग अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। नगर निगम और नगर विकास न्यास, प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध और नियम सम्मत निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने 24 लोगों को पट्टे वितरित किए।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त केसर लाल मीणा, उपायुक्त राजेन्द्र कुमार, नेता प्रतिपक्ष चेतना चौधरी, सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य ओमप्रकाश लोहिया, जावेद पडिहार, शिवशंकर बिस्सा, प्रफुल्ल हटीला, शहजाद भुट्टो, राहुल जादूसंगत, मनोज मेघवाल, जाकिर नागौरी, साजिद सुलेमानी, फिरोज वसीम, किशन तंवर और सुनील गेदर आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन उद्यान प्रभारी सुनील जावा ने किया।



शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने नगर निगम द्वारा आयोजित प्रशासन शहरों के संग शिविर में पट्टे वितरित किए।